दिनांक : 30.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

देश, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।
प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि बापू ने स्वदेशी पर बल दिया, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए केन्द्र सरकार का भी आधार स्तंभ बना। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए हमेशा प्रेरित करता रहेगा।
प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने आवास पर बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सचिवालय स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी रखी गई। राजधानी जयपुर में शांति और सद्भावना मार्च निकाली गई। ये मार्च सेंट्रल पार्क से शुरू होकर गांधी वाटिका पर सम्पन्न हुई। इस दौरान गांधी वाटिका में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। सरकारी कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर बापू को याद किया गया।

..........................

आज कुष्ठ रोग दिवस भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान शुरू हुआ। 13 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों और इसके उपचार के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला, ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर इस रोग के प्रति जागरुकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

..........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज एक दिन के दौरे पर कोटपूतली–बहरोड़ पहुंचेंगे। वे कुहाड़ा गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उनका जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

..........................

जैसलमेर में चल रहे मरू महोत्सव में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंच रहे हैं। आज शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में मरू श्री, मिस मूमल, मिसेज जैसलमेर सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हो रही हैं। आज शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें राजस्थानी संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। वहीं डूंगरपुर में चल रहा बेणेश्वर मेला भी परवान पर है। श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर दान–पुण्य कर रहे हैं। मुख्य मेला एक फरवरी को भरेगा। उधर, जोधपुर में चल रहे राज्य स्तरीय बड़ली भैरु पशु मेले में मारवाडी अश्वों की विभिन्न प्रजातियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। मेले में पशुओं की कई रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

..........................

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 फरवरी से शुरू होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया 25 जून तक चलेगी। इसके लिए किसान खुद या ईमित्र के माध्यम से 'गेहूँ खरीद के लिए किसान रजिस्ट्रेशन पोर्टल' पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे। ये पोर्टल खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान पंजीकरण और अन्य खरीद सम्बन्धी जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14435 पर सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2026–27 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए प्रति क्विंटल रखा है। गेहूं की खरीद प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होगी।

..........................

राज्य में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल कोटा, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। वहीं 1 और 2 फरवरी को भी उत्तर और पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं मावठ का दौर जारी रहने के आसार हैं। इस बीच, आज भी कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम होने से वाहनों की गति धीमी रही।

भीलवाड़ा में आज सुबह घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग–58 पर छह से ज्यादा वाहन आपस में टकरा गये। कोठारी पुलिया के पास हुए इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई और छह से अधिक लोग घायल हो गए।

..........................

पाली के राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित दो दिन की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कल से शुरू हुई। ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रभारी फूलचंद गहलोत ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से युवाओं और आमजन को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे महिला सशक्तिकरण और डिजिटल इंडिया की जानकारी दी जा रही है।

..........................